महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष

2518. **श्री राम सिंह राठवा :**

संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष ने निगम के निर्माणित कार्यालय में अपने कई चहेते व्यक्तियों को नियुक्ति की थी,

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई जांच की है,

(ग) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है ?

संचार मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी नहीं

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तर प्रदेश में टेलीफोन केन्द्रों की स्थापना

2519. **श्री ईश दत्त यादव :**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 31 अक्तूबर, 1993 की स्थिति के अनुसार जिला टेलीफोन प्रबंधकों के कार्यालयों का ब्यौरा क्या है,

(ख) उत्तर प्रदेश में उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जहां पिछले वर्ष नये टेलीफोन केन्द्रों की स्थापना की गयी है, और

(ग) आगामी वर्ष में किन-किन क्षेत्रों में नये टेलीफोन केन्द्रों की स्थापना किये जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री सुखराम) : (क) 31 अक्तूबर, 1993 की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश दूरसंचार सर्किल में दूरसंचार जिला प्रबंधक के तीन कार्यालय हैं जो इलाहाबाद, आगरा और मेरठ में अवस्थित हैं ।

(ख) उत्तर प्रदेश दूरसंचार सर्किल में 1992-93 के दौरान 99 नए टेलीफोन एक्सचेंज लगाए गए हैं जिनके ब्यौरे विवरण I (नीचे देखिए) में दिए गए हैं ।

(ग) उत्तर प्रदेश दूरसंचार सर्किल में 1993-94 के दौरान 34 नए टेलीफोन एक्सचेंज खोलने की योजना बनाई गई है जिनके ब्यौरे विवरण-II (नीचे देखिए) में दिए गए हैं ।

विवरण I

अनुबंध-एक

उत्तर प्रदेश दूरसंचार सर्किल में 1992-93 के दौरान लगाए जाने वाले टेलीफोन एक्सचेंज की जिलावार सूची :

क्रम सं.	जिला	एक्सचेंजों के नाम
1.	बांदा	भौरी, छिला, कालिंजर, करताल, खपटा, पहाड़ी, सरधना तथा शिवरामपुर।
2.	इटावा	बसरेहा और फफूंदा
3.	फैजाबाद	अमानीगंज, गढ़वाल, कोटवा सड़क नेवादा
4.	हमीरपुर	छाम
5.	झांसी	परिक्षा और रक्षा
6.	ललितपुर	राजघाट
7.	मैनपुरी	किशनी
8.	मथुरा	पतलौनी
9.	उरई	रामपुरा
10.	सीतापुर	मछरेटा
11.	चमोली	अग्निबदरी, गौरीकुंड, पंडुकेश्वर और तपोवन।
12.	देहरादून	नयागांव
13.	मुजफ्फरनगर	भोपा और मढ़ीपुरबला
14.	पौड़ी	धूमाकोट, दुर्गाधुरी, धुरधुरी, कालिया सौर, किशनपुरी, मढ़ी और श्रीनगर।
15.	गाजियाबाद	छोलास